**दिनांक : 14/04/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**<u>प्रात:कालीन समाचार</u>**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश को देंगे विकास की सौगात
- भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती पर राष्ट्रभर में होंगे आयोजन
- धार में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को बताया ऐतिहासिक
- प्रदेश में भीषण गर्मी ने दी दस्तक कई जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस पार

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री - उत्तराखंड दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे, जहाँ वे 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने ''दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे'' का उद्घाटन करेंगे। यह ''213 किलोमीटर'' लंबा छह लेन गलियारा दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय को 6 घंटे से घटाकर मात्र ''ढाई घंटे'' कर देगा। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री सहारनपुर (यूपी) में एशिया के सबसे लंबे ''12 किलोमीटर'' के एलीवेटेड वन्य जीव गलियारे का जायजा लेंगे। इसके बाद वे देहरादून के प्रसिद्ध ''जय मां डाट काली मंदिर'' में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे। पारिस्थितिक संवेदनशीलता को देखते हुए इस प्रोजेक्ट में वन्यजीव संरक्षण के विशेष इंतजाम किए गए हैं, जिसमें 8 पशु मार्ग और हाथियों के लिए विशेष अंडरपास शामिल हैं। आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणाली से लैस यह गलियारा न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के आर्थिक विकास और व्यापार के लिए नए द्वार खोलेगा।

अंबेडकर जयंती

भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ. भीम राव अंबेडकर की 136वीं जयंती पर राष्ट्र आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज सुबह नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में डॉ. भीम राव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे एक न्यायविद, अर्थशास्त्री, गहन विचारक, विधि विद्वान और समतावादी सामाजिक व्यवस्था के प्रबल समर्थक थे।

अंबेडकर जयंती - प्रदेश

राज्य सरकार ने 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती के मौके पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस मौके पर डॉ. अम्बेडकर नगर महू में स्थित उनकी जन्मस्थली पर बने भव्य स्मारक में विशाल समागम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से इस आयोजन में शामिल होंगे। यहां पर मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। वहीं, नर्मदापुरम, खंडवा, आगरमालवा, मंदसौर, जबलपुर सहित कई जिलों में भव्य आयोजन किये जाएंगे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम

धार में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे विधानसभा और संसद में महिलाओं की भागीदारी 14 प्रतिशत से बढ़कर 33 प्रतिशत हो जाएगी। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी के महिला-नेतृत्व वाले विकास के संकल्प की सिद्धि और महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बताया।

एमपी बोर्ड रिजल्ट

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम कल 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे जारी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सीएम हाउस से रिजल्ट जारी करेंगे।

स्किल डेवलपमेंट शिक्षा

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब किताबी ज्ञान के साथ 'स्किल डेवलपमेंट' पर जोर दिया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 3 हजार 367 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा का विस्तार किया है। वर्तमान में समग्र शिक्षा, पीएम श्री और स्टार जैसी योजनाओं के तहत करीब 5 लाख 95 हजार छात्र विभिन्न व्यावसायिक ट्रेडों में प्रशिक्षण ले रहे हैं। अतिरिक्त संचालक मनीष वर्मा के अनुसार- आयुक्त अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में 6 हजार 505 प्रशिक्षित ट्रेनर आईटी, हेल्थकेयर और कृषि जैसे 17 प्रमुख सेक्टरों में 42 जॉब रोल्स के लिए प्रयासरत हैं। सहायक संचालक अभिनव आर्य के अनुसार- कक्षा 9वीं-10वीं के लिए भी प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं, जो उद्योग जगत में पूरी तरह मान्य हैं। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को केवल सरकारी नौकरी पर निर्भर न रहकर स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है और सरकार का लक्ष्य हर स्कूल को ''स्किल हब'' बनाना है।

स्टार्टअप इंडिया

सरकार ने देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में पूंजी के प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए दस हजार करोड़ रुपये के कोष के साथ स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स के दूसरे चरण को अधिसूचित किया है।

गेहूं खरीदी

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी का कार्य तेजी से जारी है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि कल तक 17 हजार 572 किसानों से 7.75 लाख क्विंटल से अधिक गेहूँ खरीदा जा चुका है, जिसके बदले किसानों को करीब 7 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। बता दें कि इस वर्ष सरकार किसानों को बोनस सहित 2,625 रुपये प्रति क्विंटल का भाव दे रही है।

मौसम अपडेट

प्रदेश में भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी है, जिससे प्रदेश के कई जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, ''रतलाम'' 41.5 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहा, वहीं ''खरगोन'' में 40 डिग्री, ''नर्मदापुरम'' में 40.8 और ''मंडला'' में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी ''भोपाल'' और ''इंदौर'' में पारा 38.8 डिग्री तक पहुंच गया है, जबकि ''जबलपुर'' में 38.2 और ''ग्वालियर'' में 36.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ।

महिला टी-20 विश्व कप 2026 पुरस्कार

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद- आईसीसी ने महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए लिए रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की है। इंग्लैंड और वेल्स में आयोजित होने वाले इस विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि बढ़ाकर 87 लाख 64 हजार 615 अमेरिकी डॉलर कर दी गई है। विजेता टीम को 23 लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर, जबकि उपविजेता को 11 लाख 70 हजार डॉलर मिलेंगे। यह प्रतियोगिता 12 जून से शुरू होगी।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में कल रात हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 57 रन से हरा दिया। आज शाम साढ़े सात बजे चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

बेडमिंटन भारत

बैडमिंटन एशिया चौंपियनशिप में भारत के युवा शटलर आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है। उन्होंने इतिहास रचने हुए पुरुष एकल फाइनल में पहुंचने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले 1965 में यह उपलब्धि दिनेश खन्ना ने हासिल की थी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- कटनी जिले में 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी शुरू होगी, जिसके लिए 52,991 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।
- खंडवा में आरोग्य शिविरों के माध्यम से टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें एनीमिया और शुगर की जांच के साथ निक्षय मित्र बनने की अपील की गई।

- माखननगर (नर्मदापुरम) में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत जनजागरूकता रैली निकालकर विद्यार्थियों और नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।
- मंदसौर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने की खुशी में नपाध्यक्ष की अगुवाई में विशाल आभार रैली निकाली गई।
- कटनी जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए तिलक कॉलेज के छात्रों ने श्प्लास्टिक दानवश् के माध्यम से रैली निकालकर समझाइश दी।
- गुना कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए 50 दिवस से पुरानी शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।
- झाबुआ जिले के नवागत कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने पदभार ग्रहण कर अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली और योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया।
- बैतूल जिले में 'गांव-बस्ती चलो अभियान' के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बैलगाड़ी हांककर ग्रामीण जीवन से जुड़ाव का संदेश दिया और स्वच्छता अभियान चलाया।

-------------